C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 298 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 27 मई 2024

जीत की खुशी में गौरी का...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## युवक का शव परिजनों को सौंपा

**हल्द्वानी।** गौला नदी में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुसुमखेड़ा स्थित नारायण नगर निवासी संजय आर्या उर्फ संजू पेंट करने का काम करता था। रविवार को वह अपने दोस्त कुंदन सिंह के साथ गौला नदी में नहाने चला गया। शाम करीब साढ़े चार बजे रानीबाग स्थित चित्राशिला घाट पर नहाते समय वह थोड़ी गहराई में चला गया और डूब गया। उसी दौरान पुलिस वहां नदी में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ मिशन मर्यादा के तहत कार्रवाई कर रही थी। तभी लोगों की चीखपुकार सुनकर कठगोदाम थाने के एसआई फिरोज आलम मय टीम के साथ पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर ही रेस्क्यू कर युवक को नदी से बाहर निकाला।

बोले- सभी की सुरक्षा महत्वपूर्ण

# चारधाम यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

चारधाम यात्रा तैयारियों का जायजा लेने सीएम धामी ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप पहुंचे। उन्होंने कहा कि यात्रा सुविधाजनक ढंग से संचालित की जा रही है।

चारधाम यात्रा की तैयारियों पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा यहीं से शुरू होती है। मैंने इस स्थान पर सभी तैयारियों और सुविधाओं की जांच की। सभी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। सोमवार को चारधाम यात्रा तैयारियों का जायजा लेने सीएम धामी ऋषिकेश



ट्रांजिट कैंप पहुंचे। उन्होंने कहा कि यात्रा% सुविधाजनक ढंग से संचालित की जा रही है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए यहां आया हूं कि %यात्रा% आरामदायक और सुविधाजनक ढंग से संचालित होती रहे।

# डीएम ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में दिए निर्देश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जल जीवन मिशन योजना कार्यों जून तक पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं जल निगम व जल संस्थान को दिए।

उन्होंने कहा कि जेजेएम के जो कार्य पूर्ण हो गये हैं, उनकी सूची थर्ड पार्टी को निरीक्षण हेतु शीघ्र भेजें, उन्होंने थर्ड पार्टी कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे तुरंत योजना कार्यों का निरीक्षण कर रिपोर्ट कार्यदायी संस्थाओं को दें। ताकि जो भी कमियां होंगी उन्हें शीघ्र निस्तारित कर कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जा सके। कहा कि सभी को सुचारू व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जनपद में 187 आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नजदीकी पेयजल योजनाओं से जोडने के निर्देश नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन को दिए। उन्होंने बंगाचौवन खटीमा, राजस्व ग्राम देवड़ा, बारातोली सितारगंज, पेयजल योजनाओं की पेयजल लाइन जो वन क्षेत्र में बिछाई जानी है की स्वीकृति हेतु प्रभागीय वन अधिकारी को निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, पीडी अजय सिंह,डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके सिंह, एसीएमओ डॉ राजेश राही, सीईओ केएस रावत,अधि. अभि. जल निगम ज्योति पालनी, शिवम द्विवेदी, सुधीर कुमार, पी एन चौधरी,अनिल कुमार,अधि. अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, एसडीओ वन संतोष मेहता आदि थे।

# महिला यातायात पुलिस कर्मी को हाइड्रा वाहन ने टक्कर मारी , आरोपी वाहन छोड़ भागा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

इंदिरा चौक पर ड्यूटी पर तैनात महिला यातायात पुलिस कर्मी को काशीपुर रोड की ओर से तेज गति से आ रहा हाइड्रा वाहन चालक ने टक्कर मार दी। इससे महिला कांस्टेबल घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर वाहन छोड़ कर भाग गया। महिला कांस्टेबल को रामपुर रोड नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम को इंदिरा चौक पर महिला यातायात



पुलिस कर्मी कांता अग्रवाल की डयूटी थी। ट्रैफिक अधिक होने के कारण वह चौराहे पर वाहनों का संचालन करा रही थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच काशीपुर रोड से किच्छा रोड की तरफ जा रहे तेज रफ्तार हाइड्रा वाहन ने महिला पुलिस कर्मी कांता अग्रवाल को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक हाइड्रा वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के दौरान मौके पर आसपास के लोगों के साथ ही पुलिस कर्मी भी मौके पर एसआई दीपक कौशिक समेत अन्य पुलिस कर्मी पहुंच गए और घायल कांता अग्रवाल को उपचार के लिए रामपुर रोड नारायण अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने हाइड्रा कब्जे में ले लिया, साथ ही चालक की तलाश शुरू कर दी है। सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। बताया कि जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल चालक पुलिस की पकड़ से बाहर है। रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इधर कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि हाइड्रा मालिक को हिरासत में लिया है। बताया कि आरोपी का मोबाइल भी बंद है।

# हल्द्वानी के मुकुल चौहान नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बने

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

तिकोनिया निवासी मुकुल चौहान भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बन गए हैं। उनकी पासिंग आउट परेड केरल में हुई। मुकुल के पिता प्रताप चौहान प्रॉपर्टी डीलर है और माता उमा चौहान गृहिणी है। मुकुल ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है ।



ST. THERESA SR. SEC. SCHOOL


HEARTIEST CONGRATULATIONS!
To THE ACHIEVERS OF CBSE CLASS XII (AISSCE) AND CLASS X (AISSE) 2023-2024

Achievers of class XII



Anushka Negi 94.4% | Kavyansh Loshali 95.4% | Mahak Taragi 96.2% | Mohit Sharma 97.2% | Pallavi Bisht 95% | Praneet Kumar 94.6% | Rachit Tiwari 94.4% | Rhythm Karnatak 94% | Shashank Kharayat 96.6% | Swati Bisht 95% | Udit Bhatt 96.6% | Vardan Halsi 94%

Achievers of class X



Aditi Pandey 95.2% | Ayushi Bisht 94% | Bhumika Joshi 95.8% | Lavanya Nilesh Shirsat 94% | Neelesh Joshi 98% | Rashi Maslwal 95.2% | Samridhi Shah 95.4% | Saumya Pant 96.6% | Saumya Tewari 94% | Srishti Sharma 95.5% | Sukriti Negi 94%

Church Compound, Fonseca Estate, Distt. Nainital, UK 263126

# पर्यटन विरोधी रवैये के विरोध में सड़क में उतरे कारोबारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता



देश के विभिन्न शहरों से नैनीताल पहुंचे पर्यटकों के वाहनों को पुलिस प्रशासन की ओर से माल रोड स्थित इंडिया होटल से वापस भेजे जाने पर रविवार को नैनीताल में पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारियों में उबाल आ गया।

गुस्साएं पर्यटन कारोबारियों ने पुलिस के इस पर्यटन विरोधी रवैये के विरोध में सड़क में उतरकर धरना प्रदर्शन किया और सड़क पर बैठ गए जिससे काफी समय तक जाम की स्थिति बनी रही। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने अपना रवैया नहीं बदला तो पर्यटन कारोबारी नैनीताल बंद करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की।

इस दौरान नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि लोग दूर-दराज से थके हारे नैनीताल तक पहुंचाते हैं और पुलिस प्रशासन की ओर से शहर में पहुंचने के बाद उन्हें वापस लौट आया जा रहा है जिसका पर्यटन कारोबारियों की ओर से विरोध किया गया।

उन्होंने कहा कि जो पुलिस प्रशासन व पर्यटन कारोबारियों की बैठकों में तय किया जाता है उसे लागू क्यों नहीं किया जाता? आए दिन पुलिस नए-नए कानून बनते रहते है,जिन्हें लागू करने से पर्यटकों को परेशानी उठानी पड़ती है। कहा कि पूर्व में ही ट्रैफिक प्लान जारी होना चाहिए ताकि पर्यटकों को भी इसकी जानकारी रहे और उन्हें असुविधा न हो।

कहा कि अगर पुलिस प्रशासन की ओर से नैनीताल आने वाले वाहनों को रोका जाता है तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और पूरे नैनीताल को बंद कराया जाएगा। इस दौरान वेद साह,पम्मी भाई, प्रवीण शर्मा, योगेश साह, जीतेंद्र पांडे, दीपू बोरा, त्रिभुवन फर्त्याल, राजेश वर्मा, तारा सिंह कनवाल, विजय बिष्ट, दयाल सिंह कनवाल, सुमित जेठी समेत सैकड़ों पर्यटन कारोबारी मौजूद रहे। बाद में मल्लीताल के कोतवाली प्रभारी हरपाल सिंह से हुई वार्ता के बाद जैसे तैसे पर्यटन कारोबारियों ने जाम खोला।

## पर्यटन विरोधी फैसले से अधिकांश होटल खाली पड़े रहे

नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा पुलिस की ओर से अपनायी जा रही पर्यटन विरोधी फैसले के बाद नैनीताल शहर के होटलों की वर्तमान स्थिति यह है कि रविवार को अधिकांश होटल खाली पड़े रहे। उन्होंने कहा कि नैनीताल में ठीक पर्यटन सीजन में पर्यटक वाहनों को लौटाए जाने के मामले को मुख्यमंत्री ने खुद संज्ञान में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नैनीताल पहुंचे पर्यटक वाहनों को पुलिस प्रशासन की ओर से लौटाया जा रहा है उसका देश में अच्छा मैसेज नहीं जा रहा है। उन्होंने फिर दोहराया कि पुलिस के अधिकारियों को पूर्व में पर्यटन संबंधी बैठकों में जो तय किया गया था उन सब बिंदुओं को लागू करना चाहिए जिससे नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटकों को बेवजह परेशानी का सामना न करना पड़े।

## रोडवेज बस शटल सेवा से शहर में जाम

पर्यटकों की सुविधा और शहर में जाम को कम करने के लिए रविवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों के आदेश पर रुसी बाइपास से नैनीताल तक रोडवेज बस शटल सेवा चलाई गई। रोडवेज बसों ने रुसी बाइपास से नैनीताल तक लगभग 13 चक्कर लगाए। रोडवेज की स्टेशन अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर रुसी बाइपास से नैनीताल तक रोडवेज बस शटल सेवा चलाई गई जिससे शहर में जाम की स्थिति को कम किया जा सके। नैनीताल में पर्यटन कारोबारियों के धरना प्रदर्शन के बाद भले ही पुलिस प्रशासन ने एक्टिव मोड में आकर नैनीताल में केवल उन्हीं पर्यटक वाहनों को प्रवेश दिया जिसके होटलों में पार्किंग की व्यवस्था थी।



# जिला प्रशासन और पुलिस के पुराने ट्रैफिक प्लान फेल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा है कि होटल एसोसिएशन नैनीताल तथा समस्त व्यापारियों और संगठन द्वारा प्रशासन और पुलिस के सम्मुख ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने तथा जिला प्रशासन और पुलिस के पुराने ट्रैफिक प्लान के तहत ही काम करने और उसकी विफलता को हर वर्ष पर्यटन व्यवसायियों पर थोपने के विरोध किए जाने का उनका पूरा व्यापार मंडल पूर्ण समर्थन करता है।

कहा कि इस संबंध में हमें मिलकर जो भी कड़े निर्णय एकजुटता से लेने होंगे माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल सभी स्टेक होल्डर्स के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। कहा कि अब समय आ गया है कि नव वर्ष के दौरान जब माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल द्वारा जुलूस निकाल कर यह बात उठाई गई थी तब भी बेहद बुरे हालात हमारे सामने थे और आज भी वही हालत और उससे भी बदतर होने जा रहे हैं।

बोले कि हमारी पर्यटक छवि पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी नकारात्मक स्वरूप ले रही है जिसके कारण विदेशी पर्यटकों ने भी नैनीताल से मुँह लगभग मोड लिया है। कहा कि व्यापार मंडल सभी का साथ देने के साथ एक जुटता से सभी के द्वारा लिये गये किस भी आह्वान यथा चक्का जाम या अनिश्चित बंद का साथ देगा।

# केएमवीएन व एजी ऑफिस की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में

नैनीताल

हमारे संवाददाता

एजी हाईकोर्ट आफिशियल क्लब नैनीताल के तत्वाधान में नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में खेली जा रही 12वीं ज्यूडीशियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता-2024 में रविवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम तथा एजी ऑफिस की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के तहत प्रथम मुकाबला कुमाऊँ मंडल विकास निगम बनाम जिला बार और बेंच के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला बार व बैंच के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 71 रन बनाए जिसमें असलम ने 15 और दीपक 14 रन बनाए। कुमाऊं मंडल विकास निगम की तरफ से चरणजीत ने तीन विकेट लिए। जवाब में कुमाऊं मंडल विकास निगम की टीम ने 6 ओवरों में आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। सर्वाधिक रन टीम के लिए निखिलेश ने 34 नॉट आउट और प्रकाश 23 रन बटोरे जबकि जिला बार की तरफ से दीपक ने एक विकेट लिया। निर्णायक जनक बिष्ट तथा पवन जबकि स्कोरर धीरज पांडे रहे। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला लिक और बैंक बनाम एजी ऑफिस के समक्ष खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एजी ऑफिस ने निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 118 रन बनाए जिसमें रमेश ने 43 और प्रदीप 37 रन बनाए। लिंक और बैंक की तरफ से चंदन राजपूत दो तथा धीरेंद्र एक विकेट लिया। जवाब में लिक और बैंक नैनीताल की टीम 115 रन ही बना पायी। टीम के लिए सर्वाधिक चंदन राजपूत और संतोष ने 18-18 रन बनाए। एजी ऑफि स की तरफ से जयदीप ने दो और सुधीर एक विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुधीर रहे। इस मैच के निर्णायक सचिन और मोहित रहे जबकि स्कोरर सुभम रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक समिति के सचिव जे के लखेड़ा समेत रवि प्रकाश जोशी, मोहित बिष्ट तथा धीरज पांडे आदि खेल प्रेमी जुटे रहे।

## NEWS / फटाफट

### पुलिस ने बच्चे को सकुशल खोज पिता को सौंपा



**नैनीताल।** इन दोनों पर्यटन सीजन चरम पर चल रहा है और पर्यटक मौज मस्ती में घूमते नजर आ रहे हैं इस दौरान वह अपने साथ बच्चों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं बीते रोज रविवार को बच्चा खोने के बाद पिता उसे ढूंढता रहा और नहीं मिलने पर उसका रो-रो कर बुरा हाल था। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने खोज बच्चे के सकुशल मिल जाने के बाद पर्यटक ने नैनीताल पुलिस को दिल से दुआएं दी और उनका विशेष आभार जताया। बता दें कि रविवार को खुर्जा (बुलंदशहर) से नैनीताल घूमने आए एक पर्यटक का बच्चा भीड़ में अपने परिवार से बिछड़ गया जो काफी खोजने के बाद मिल नहीं पा रहा था। तल्लीताल थाने में तैनात चीता मोबाईल के हैड शिवराज सिंह राणा द्वारा बच्चे को खोज उनके पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया, बच्चा पाकर पिता भावुक हो गए और चीता पुलिस राणा और मित्र पुलिस को दिल से दुआएं दी और उनका आभार व्यक्त किया।

### खोया पर्स पाकर पर्यटक बोले नैनीताल मित्र पुलिस नंबर वन



**नैनीताल।** गुजरात के पर्यटक कुणाल पटेल अपना खोया पर्स पाकर नैनीताल मित्र पुलिस के हुए मुरीद और खुशी से झूमते हुए बोले नंबर वन पुलिस है नैनीताल की। जानकारी के मुताबिक गुजरात के पर्यटक रात 8 बजे तल्लीताल थाने के चीता पुलिस शिव राज सिंह राणा के पास अपने खोए पर्स की सूचना लेकर पहुंचे और बोले उसमे मेरे 5 हजार रुपए के साथ पासपोर्ट और अन्य जरूरी दस्तावेज हैं जिनका मिलना जरूरी है। चीता मोबाइल राणा द्वारा पहले उस गाड़ी को ढूंढा गया जिसमें पर्यटक घूमने गए थे उसके बाद उसके चालक जो घर चले गए थे उनको बुलाया गया गया और जब गाड़ी खोली गई तो पर्यटक का पर्स सीट के नीचे पड़ा मिला, एपर्स पाकर पर्यटक ने नैनीताल पुलिस का दिल से आभार प्रकट किया।

### व्यापार मंडल के संदीप जिला उपाध्यक्ष व अमित सचिव बने





**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला एवं युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इसके तहत जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने संदीप गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष और अमित आसवानी को जिला सचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, पंकज कंसल,नदीम खान, गोपाल अधिकारी, गिरिजा नंदन भट्ट, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट,युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, युवा जिला महामंत्री शिव कपूर,जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण पटवाल, भीमताल नगर अध्यक्ष सौरभ रौतेला,मल्लीताल नैनीताल नगर अध्यक्ष नेगी ,तल्लीताल नैनीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ,महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल,जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा ,काठगोदाम नगर अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी,ग्रामीण इकाई मुखानी के अध्यक्ष पवन जोशी, महामंत्री पवन वर्मा आदि ने हर्ष जताया है। इस बीच दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की ।

# सात दिवसीय रामकथा के बाद शोभा यात्रा निकाली विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बाद भंडारे का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



ज्योलीकोट नैनीताल ग्राम भलयूटी स्थित देवी मंदिर में सात दिवसीय रामकथा का राम नाम की बयार के बीच हवन,पूर्णाहुति, विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों कन्या पूजन और भंडारे तथा प्रसाद वितरण के साथ समापन कर दिया गया। इससे पूर्व कल देर रात्रि भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, आज समापन पर बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा को मंदिर परिसर से विभिन्न स्थानों में भ्रमण कराते मंदिर परिसर में लाया गया। समापन प्रवचन में व्यास हरीश शास्त्री ने कहा कि राम और उनसे संबंधित प्रसंग सनातन धर्म का प्राण है लेकिन आज आधुनिकता विलासिता स्वार्थ में हमारे द्वारा अपनी महान संस्कृति को कोई महत्व नहीं दिया जाता है, हमें पुनः अपनी संस्कृति की ओर लौटना चाहिए और नई पीढ़ी को संस्कारयुक्त पीढ़ी बनाना चाहिए।आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी, सदस्य, युवाओं ग्रामवासियों और महिला मण्डल द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया। आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया। धार्मिक अनुष्ठान भजन कीर्तन संपन्न कराने में संजय शास्त्री, प्रताप सिंह जीना, चंद्रशेखर जोशी, कमल पाठक, बसंत पांडे,चंचल तिवारी,मंजू कांडपाल, मुख्य यजमान संतोष बोरा, मंजू बोरा रहे। नंदन बोरा, पूरन जोशी, दिनेश गुररानी, कत्रू वर्मा, कैलाश वर्मा, भुवन रावत, मोहन बोरा, आंनद रावत, ग्राम प्रधान रजनी रावत, राकेश वर्मा, पंकज बोरा,मोहित,बिशन,अनिल रावत, कंचन वर्मा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## अपराधी नहीं

*अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत देना, उनके दोषमुक्त होने का परिचायक नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लचर कार्यप्रणाली का जीता-जागता सबूत है। गिरफ्तार करने से पहले और जेल में डेढ़ माह तक रखने के बाद भी ईडी कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। शीर्ष अदालत का यह कहना कि केजरीवाल का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और ना ही वह समाज के लिए खतरा हैं, ऐसी स्थिति में उनको चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जा रही है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से अदालत में लंबित मुकदमे के बारे में चुनाव प्रचार के दौरान उल्लेख नहीं करने की शर्त भी रखी है। चुनाव प्रचार को नेता का विशेषाधिकार नहीं माना है।*

लक्ष्मण रेखा को महाबली रावण भी लांघ नहीं सका था और माता सीता जब रेखा के बाहर निकलीं तो उनका अपहरण किया गया। वर्तमान युग में गरीबी रेखा, देशों के बीच की सीमा को नियंत्रण रेखा आदि प्रचलित हैं। राजनीति के विशेषज्ञ कहते हैं कि बहुत से नेता जेल की रेखा से बाहर हैं, जबकि उन्हें जेल में होना चाहिए। अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत देना, उनके दोषमुक्त होने का परिचायक नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लचर कार्यप्रणाली का जीता-जागता सबूत है। गिरफ्तार करने से पहले और जेल में डेढ़ माह तक रखने के बाद भी ईडी कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। शीर्ष अदालत का यह कहना कि केजरीवाल का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और ना ही वह समाज के लिए खतरा हैं, ऐसी स्थिति में उनको चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जा रही है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से अदालत में लंबित मुकदमे के बारे में चुनाव प्रचार के दौरान उल्लेख नहीं करने की शर्त भी रखी है। चुनाव प्रचार को नेता का विशेषाधिकार नहीं माना है। केजरीवाल को अंतरिम जमानत कोई विशेषाधिकार नहीं है। इस मामले में एक बात महत्वपूर्ण है कि सजायाफ्ता नेता चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सजा होने के कारण वह चुनाव में प्रत्याशी नहीं हैं, परन्तु अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार कर रहे हैं। केजरीवाल सजायाफ्ता नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह ईडी पर टिप्पणी की है और केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल उठाया है, वह भविष्य में बड़ा मुद्दा बन सकता है। शीर्ष अदालत का कहना है कि मनी लांड्रिंग का मामला पुराना है। ईडी ने चुनाव के वक्त ही केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इस पुराने मामले में केजरीवाल मुख्यमंत्री रहते हुए साक्ष्य मिटाने का काम कर सकते थे, लेकिन ऐसा कोई सबूत ईडी पेश नहीं कर सकी। सुप्रीम कोर्ट ने एहतियात के तौर पर केजरीवाल से मुख्यमंत्री के रूप में कोई कार्य नहीं करने और सचिवालय नहीं जाने की पाबंदी लगाई है। सरकारी महकमों और जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल हमेशा उठते रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को जेल में रखा गया। जांच एजेंसियों के अधिकारी और उनकी पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं के भरसक प्रयास के बाद भी संजय सिंह जेल से बाहर आ गये। इन मामलों को लेकर विपक्ष को सरकार पर आरोप लगाने का मौका मिलता है, जबकि खामी सरकारी मशीनरी के अधिकारियों की होती है। नेताओं के खिलाफ सीबीआई जांच पर सवाल उठते रहे हैं, अब ईडी के छापे पर अंगुली उठ रही है। सरकार को जांच एजेंसियों की प्रतिष्ठा कायम रखने का प्रयास करना होगा।

# पिंक मुहिम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



आशा फाउंडेशन द्वारा लगातार चलाई जारी पिंक मुहिम जो कि महिलाओं को लेकर जागरूक करने की दिशा में एक पहल है। उसी के अंतर्गत रविवार को नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के रौसिल, पासोली,पानियाबोर तथा पानियामेहता ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम रखा गया।

बता दें कार्यक्रम का आयोजन रौसिल गांव के रामलीला मैदान में किया गया। जहां सभी चारों गांवों की महिलाओं को एकत्रित किया गया। कार्यक्रम पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी समेत सीआरपी भागीरथी पलड़िया के आग्रह पर रखा गया। उनका कहना था कि यहां पर आसपास के गांवों में जागरूकता के अभाव से महिलाएं अपनी बात कह नहीं पाते हैं और बड़ी-बड़ी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं।

रविवार को कार्यक्रम में लगभग 100 से 125 महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ स्तन कैंसर से बचाव और स्वयं परीक्षण करना बताया गया, परंपरा के मुताबिक आशा फाउंडेशन ने बुजुर्ग महिलाओं को पिंक कलर का स्टाल पहनाकर सम्मानित किया।

इस मौके आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि स्तन कैंसर के लक्षणों को अगर हम सचेत रहते हैं तो काफ ी हद तक जान सकते हैं। आज महिलाओं और बालिकाओं को रियूसेबिल पैड्स मुफ्त में मुहैया कराए गए और बाजार से मिलने वाले पैड्स का पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रौसिल ललित मोहन, सीनियर सीआरपी भागीरथी पलड़िया, सीआरपी मीनाक्षी मौजूद थी जिन्होंने महिलाओं को एकत्रित करने का जिम्मा उठाया था। आशा फ उंडेशन की तरफ से आशा शर्मा, अहमदाबाद से आई नीरजा शर्मा, संध्या डालाकोटी, दीपा मेहरा, बच्चे सिंह नेगी तथा भीम सिंह मेहरा साथ में रहे। इस दौरान गांव की महिलाओं में उत्साह देखने योग्य था,उनका कहना था कि यह उनके लिए बेहद नई जानकारी थी और कपड़े से बने पैड्स को पा कर बहुत खुश हैं।

## कैरियर ऑपर्च्युनिटीज इन डेवलपमेंटल सेक्टर पर व्याख्यान

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के इनोवेशन एवम इनक्यूबेशन सेल तथा सेन्ट्रल हिमालयन एनवायरनमेंट एसोसिएशन (चिया) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में यूएनडीपी यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम के स्टेट को ऑर्डिनेटर डॉ. प्रदीप मेहता ने कैरियर ऑपर्च्युनिटीज इन डेवलपमेंटल सेक्टर विषय पर व्याख्यान दिया। बता दें कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के फॉरेस्ट्री विभाग से पीएचडी करे डॉ. मेहता कहा कि एंटरप्रेन्योरशिप वर्तमान में महत्वपूर्ण है। छात्र छात्राएं स्किल्स बढ़ाने के लिए ऑनलाइन कोर्स देखे तथा ई-कोर्सेज से अपना सीवी बेहतर कर सकते हैं। कहा कि जलवायु सहित वानिकी व कृषि बहुत प्रॉमिसिंग विषय है। डॉ. प्रदीप ने कहा कि तकनीकी एक्सपर्ट होना जरूरी है, अपनी ज्ञान की कैपेसिटी को अनुभव के साथ बढाना है जिससे हमारा कम्युनिकेशन बेहतर हो सके। वेब डिजाइन एप्रपोजल राइटिंग तथा फाइनेंस बेहतर अवसर है।

# भारतीय जैन मिलन संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सभा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





भारतीय जैन मिलन संस्था की ओर से सत्र की प्रथम राष्ट्रीय कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पूरे देश के सभी नगरों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व संस्था की ओर से नैनीताल की वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. सरस्वती खेतवाल और ईएनटी विशेषज्ञ डा. मोनिका कांडपाल को उनके उत्कृष्ट कार्योहेतु सम्मानित किया गया। बैठक में संस्था की ओर से देश व समाज में चल रही समस्याएं पर चर्चा कर यह विचार विमर्श किया गया कि किस प्रकार से समाज को आगे बढ़ाया जाए। संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जिसकी पूरे देश में 1445 शाखाएं हैं और 8 शाखाएं विदेश में हैं और इस संस्था में 50 हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। संस्था की ओर से प्रतिवर्ष लगभग 10 करोड़ की सहायता कार्य कराया जाता है। अलग-अलग क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य व निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु योगदान दिया जाता है। इसके साथ ही 400 शाखाएं ऐसी हैं जिन्हें महिलाएं संचालित करती हैं।

बताया कि इस वर्ष भगवान महावीर का 2550 वा निर्वाण वर्ष है जिसके तहत धार्मिक व सेवा योजना चलाई जा रही है। बैठक में एसके जैन, नरेश चंद्र जैन, महेंद्र कुमार, अनिवीर प्रवीण, अतिवीर, विजय कुमार, विशाल, संजय, अवलोक, प्रियांश, अजय कुमार, अजीत जैन, पीयूष जैन, अतुल कुमार, ममता जैन, कल्पना सेठ, मनोज कुमार तथा अनीता जैन सहित संस्था के पदाधिकारी और समस्त नगरों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## जीत की खुशी में गौरी का चूमा माथा, भावुक सुहाना को लगाया गले



*शाहरुख खान ने अपनी टीम केकेआर के आईपीएल 2024 में जीत हासिल करने पर टीम और अपने परिवार के साथ अपनी खुशी साझा की। इस दौरान कैमरे में कई दिल को छू लेने वाले पल कैद हुए, जिन्हें अब सोशल मीडिया पर शाहरुख के प्रशंसक साझा कर रहे हैं। शाहरुख खान ना सिर्फ फिल्मों और अभिनय के क्षेत्र में बादशाह हैं, बल्कि खेल में भी उनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 में बादशाहत कायम रखी है। 26 मई को केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें शाहरुख खान की टीम ने आईपीएल 2024 की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस दौरान कैमरे में दिल को छू लेने वाले कई छण कैद हुए और सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहे हैं। अपनी टीम केकेआर की जीत की खुशी मनाते हुए सोशल मीडिया पर शाहरुख खान की वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं। अभिनेता के प्रशंसकों ने कई दिल छू लेने वाले वीडियो साझा किए हैं, जिसमें शाहरुख अपने परिवार के साथ जीत की खुशी मना रहे हैं। उनकी टीम केकेआर 10 साल के बाद आईपीएल की ट्रॉफी जीती है। बता दें कि अहमदाबाद में पिछले मैच के दौरान हीट स्ट्रोक के कारण शाहरुख को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।*

### खुशी से दौड़ पड़े अभिनेता

*जैसे ही केकेआर ने आईपीएल 2024 में जीत दर्ज की शाहरुख अपनी टीम को बधाई देने के लिए पिच की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने अपनी टीम के हर खिलाड़ी को गले लगाया और बधाई दी। इस दौरान शाहरुख ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर को चूम लिया। केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हो रहे फाइनल मुकाबले को देखने शाहरुख खान अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। टीम की जीत के बाद शाहरुख खान ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए पत्नी गौरी खान को चूम लिया। इस दौरान अपनी टीम की जीत से सुहाना खान भावुक हो गईं।*

# संकल्प के साथ आर्यसमाज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आर्य समाज का 133 वां वार्षिकोत्सव सनातन धर्म की रक्षा एवं राष्ट्र रक्षा के संकल्प के साथ आज संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कालाढूंगी के वर्तमान विधायक बंशीधर भगत ने आर्य समाज को अपनी मां कहते हुए कहा कि मैं अगले वर्ष आने से पहले कम से कम दो परिवारों को आर्य समाज से जोड़ूंगा। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने कृण्वन्तो विश्वमार्य का उद्घोष किया था। इस कार्यक्रम में अमृतसर से पधारे हुए अंतर्राष्ट्रीय भजननोपदेशक पंडित दिनेश पथिक जी ने सुमधुर भजनों से सभी के मन को आकर्षित किया। आर्यप्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डी पी यादव ने कहा कि आर्य समाज का उद्देश्य हर व्यक्ति को धार्मिक आध्यात्मिक बनने के साथ-साथ राष्ट्रभक्त बनाना है। हल्द्वानी आर्य समाज के प्रधान प्रोफेसर विनय विद्यालंकार ने अंत में संकल्प करवाए जिनमें प्रथम संकल्प था कि प्रत्येक परिवार में सभी सदस्यों को प्रतिदिन न्यूनतम 1 घंटे एक साथ बैठकर अपनी संस्कृति, सनातन धर्म के विचार और महापुरुषों के जीवन पर चर्चा करनी ही चाहिए तथा सनातन की रक्षा के लिए संकल्प लेते हुए अपने परिवारों को संस्कारवान बनाना आवश्यक है, दूसरा संकल्प करवाया कि सभी सनातनी सनातन धर्मी लोगों को एकजुट होकर सामाजिक शक्ति का विकास करना चाहिए। तीसरा संकल्प सभी परिवारों में सन्ध्या, हवन व भजन -कीर्तन की परम्परा पुन: प्रचलित करनी होगी।



# रुद्रपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह वर्ष 2023-24 का हुआ आयोजन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

यहां काशीपुर बाई पास रोड एक होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में वर्ष 2023-24 में सीबीएसई बोर्ड एवं उत्तराखंड बोर्ड मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि शिव अरोरा, विशिष्ट अतिथि डॉ शिवेंद्र कश्यप व अन्य अतिथियों ने दीप प्रजलित कर किया।

कार्यक्रम संयोजक विधायक शिव अरोड़ा ने सीबीएसई बोर्ड से दसवीं कक्षा में गरिमा जोशी एमनिटी पब्लिक स्कूल से दूसरे पर ऋषभ सिंह एमनिटी स्कूल तीसरे स्थान पर सृष्टि कपूर जैसिस पब्लिक स्कूल के साथ ही बारवी कक्षा मे प्रथम स्थान पर अनुष्का प्रीतम एमनिटी पब्लिक स्कूल को सम्मानित किया।

उत्तराखंड बोर्ड में दसवीं में रुद्रपुर क्षेत्र मे प्रथम स्थान नेहा शर्मा गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज,दूसरे पर करन दास, तीसरे स्थान पर अमित कुमार जनता इंटर कॉलेज, इसके साथ बारवी कक्षा में प्रथम स्थान साक्षी इंटर कॉलेज,दूसरे पर सुमन जीत कोर गुरुनानक इंटर कॉलेज को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पंतनगर यूनिवर्सिटी के जाने माने रिसर्चर व किताबों को लिखने वाले कई शोध करने वाले अनेको पुरस्कार से सम्मानित डॉ शिवेंद्र कश्यप ने कहा कि निश्चित रूप से यह



## आयोजन

● विधायक शिव ने 62 स्कूलों के 350 से अधिक दसवीं, बारवी के छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया

प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम एक विशेष पहल है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा को बधाई दी कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नीव है और नीव जितनी मजबूत होंगी उतनी जड़े हमारे देश की मजबूत होंगी। इसलिए हर बच्चों को अपने बेहतर कल के लिए निर्णय लेने का अधिकार है।

विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से वर्ष 2023-24 मे जिन छात्र छात्राओं ने दसवीं व बारवी बोर्ड परीक्षा मे अपने स्कूल मे टॉप तीन मे रहे उनको हमने चिन्हित करने का कार्य किया। ऐसे रुद्रपुर विधानसभा के 62 स्कूलों के 350 से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित करने का कार्य किया है। विधायक ने कहा कि एक बच्चे के लिए यह गौरव का क्षण होता है जब उसको इस प्रकार किसी मंच पर सम्मानित किया जाता है । कोई प्रशासनिक सेवा मे कोई इंजिनियर कोई डॉक्टर के रूप मे सेवा देगा।

विधायक ने कहा यह प्रतिभा सम्मान समारोह बच्चों की प्रतिभा को ओर निखरने व उनको उज्वल भविष्य के लिए निर्णय लेने के लिए बेहतर माध्यम है। कहा कि प्रयास है जनता के अनुरूप हम हर क्षेत्र में कार्य करें ,इसकी दिशा मे हम एक नया सरकारी इंटर कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य को आने वाले समय मे करायेगे।

इस दौरान पवन अग्रवाल, देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, सुभाष अरोरा, वेद ठुकराल,मानस जयसवाल,प्रीत ग्रोवर, तरुण दत्ता,रश्मि रस्तोगी फरजाना बेगम,मनोज मदान,मयंक कक्कड़, सोनू वर्मा, उमेश पसरिचा, मनोज मित्तल, रोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन

रुद्रपुर। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत आयोजित होगी । जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिन कुमार पाठक ने बताया कि आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है ,जिन लोगों के मुकदमें उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में लंबित है वह सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जा सकता हो, वे लोग इसका लाभ अवश्य उठाएं इसके लिए वे लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ईमेल dlsausnagar@ gmail.com या मोबाइल नंबर 5944- 250682 पर संपर्क कर अपने मुकदमे से अवगत करा सकते है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ANJLI GUPTA से बदलकर ANJALI GUPTA रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे ANJALI GUPTA (अंजली गुप्ता) नाम से जाना पहचाना जाए। - **अंजली गुप्ता पत्नी गौरव गुप्ता, विला नं. 3 ट्यूलिप होम्स, तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

## NEWS / फटाफट

### तमंचा कारतूस समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** टीपी नगर चौकी पुलिस ने एक युवक को 315 बोर के तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही थी। टीपी नगर चौकी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इंस्टाग्राम पर तमंचे के साथ फोटो शेयर करने वाला युवक पंचायत घर में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को आरोपी को आनंदपुर जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक ने अपना दीपक अधिकारी पुत्र दलीप सिह अधिकारी निवासी प्रेमपुर ल्वेशाली हल्द्वानी बताया। आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### दारू पीने से मना किया तो फांसी पर झूल गया युवक

**हल्द्वानी।** शराब पीने से टोकने पर एक युवक ने फांसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रतनपुर चकलुवा निवासी 21 वर्षीय अजय कुमार पुत्र रमेश चंद्र दारू पीनेका आदी है। रविवार की रात भी वह दारू पीकर घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे टोक दिया। खाना खाने के बाद अजय कमरे में सोने चला गया। जिसके बाद उसने पंखे के कुंडे से लटकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो उनमें कोहराम मच गया। आनन फानन में उसे नीचे उतार हल्द्वानी लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अफ्रीकी छात्रों ने ने अफ्रीका दिवस मनाया



**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमतल परिसर में अध्ययनरत अफ्रीकी छात्रों ने 25 मई को अफ्रीका दिवस मनाया। जिसमें परिसर निदेशक, शिक्षक, वार्डन और उनके मित्र शामिल थे।

यह दिवस अफ्रीकी एकता, विविधता और महाद्वीप भर में उपलब्धियों का जश्न मनाता है। परिसर में अफ्रीकी देशों के अलावा कई छात्र हैं जो जिम्बाब्वे, युगांडा, सूडान आदि देशों से ग्राफिक एरा में अध्ययन के लिए आए हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ केक काटकर किया गया । छात्रों ने अपने देशों के राष्ट्रगान गाए। अफ्रीकी छात्रों ने परिसर के पर्यावरण पार्क में फल देने वाले पेड़ों से ताज़े आड़ू और काफल का स्वाद भी लिया। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने अपने छात्रों को अपने घर से दूर, घर के रूप में महसूस कराती है।

### नगर निगम व विकास प्राधिकरण ने अवैध तरीके से बन रहा बारातघर सील किया



**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी के वार्ड-37 में विकास प्राधिकरण व नगर निगम की टीम ने अवैध तरीके से बनाया जा रहा बारात घर सील कर दिया। स्थानीय लोगों ने मल्ला चौफुला चौराहा के पास अवैध निर्माण कर रास्ता बंद किए जाने की शिकायत प्रशासन से की थी। इस पर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट व विकास प्राधिकरण के जेई अंकित बोरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्यवाही की। इस बीच सहायक नगर आयुक्त भट्ट ने बताया कि जिस जमीन पर निर्माण किया गया है वह नजूल की है या वन भूमि इसकी जांच की जा रही है। साथ ही निर्माण करने वाले को सख्त हिदायत दी गई है। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि करन चौहान नामक व्यक्ति का यह निर्माण कार्य बताया जा रहा है।

## 18वीं उत्तराखण्ड राज्य शतरंज प्रतियोगिता अंडर 07 अण्डर 17 बालक एवं बालिका एवं ओपन वूमेन के प्रतियोगिता का समापन



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

18वीं उत्तराखण्ड राज्य शतरंज प्रतियोगिता अंडर 07 अण्डर 17 बालक एवम बालिका एवं ओपन वूमेन के प्रतियोगिता का समापन बीते दिवस को दीक्षांत इंटरनेशनल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी मे हुआ। यह प्रतियोगिता देवभूमी चेस एसोसिएशन उत्तराखण्ड के प्रावधान मे करवायी गई। जिसमे कि नैनीताल जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष समित टिक्कू ने बताया की अण्डर 7 एवं अण्डर 17 वर्ग में प्रथम 2 बालक एवम 2 बालिकाओं एवं ओपन वूमेन में चार प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में नैनीताल जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष समित टिक्कू ने बताया सभी वर्गों में 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया गया। अंडर 17 बालिका वर्ग में शेराली पटनायक विजेता और इशिका बंगा उपविजेता रही ओपन वूमेन वर्ग में शेराली पटनायक विजेता और इशिका बंगा उपविजेता काया ध्यानी तीसरे स्थान पर रही, अंडर 7 बालक वर्ग में तेजस तिवारी विजेता एवं सोरेन चौहान उपविजेता रहे। अंडर 7 बालिका वर्ग में अनन्या पांडे विजेता एवं नित्या अग्रवाल उपविजेता रही। अंडर 17 ओपन वर्ग में अरमान सिंह बक्शी विजेता शेराली पटनायक उपविजेता रही। यह सभी प्रतिभागी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व उक्त कैटेगरी में करेंगे पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि संजीव चौधरी महासचिव देवभूमि शतरंज एसोसिएशन, योगेश जोशी समाजसेवी विशिष्ट अतिथि योगेश पांडे द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया उक्त कार्यक्रम में समित टिक्कू, मृत्युंजय सिंह, रूपेश कुमार, पवन सिंह, एकेडमिक निर्देशक स्मृति टिक्कू प्रधानाचार्य रूपक पांडे आदि सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। समित टिक्कू द्वारा सफलता के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों और अभिभावकों आभार व्यक्त किया गया।

